

'पावरप्ले में अभिषेक ने जिस तरह बैटिंग की और फिर ईशान ने पारी को आगे बढ़ाया, वह शानदार था। ईशान पिछले कुछ महीनों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आखिर में प्रिंस यादव की छोटी, लेकिन तेज पारी भी अहम रही। उनके बनाए रन निर्णायक साबित हुए।' **- श्रेयर्स अय्यर**

**भारतीय क्रिकेटर, टीम के प्रदर्शन को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



## अन्वय द्रविड़

**पूर्व** भारतीय कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के बेटे अन्वय द्रविड़ इन दिनों अपने आक्रामक बल्लेबाजी अंदाज से सुर्खियां बटोर रहे हैं। 17 वर्षीय बेटे अन्वय द्रविड़ ने वीनू मांकड़ ट्रॉफी में दिल्ली अंडर-19 के खिलाफ 41 गेंदों में 85 रन बनाए। उनकी इस पारी में पांच छक्के और सात चौके शामिल रहे। अन्वय की आक्रामक बल्लेबाजी की बदौलत कर्नाटक ने 49 ओवर में चार विकेट पर 418 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया इससे पहले वह चंडीगढ़ के खिलाफ 62 गेंदों में 104 रन बना चुके हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज के महान ब्रायन लारा की सर्वश्रेष्ठ टेस्ट पारी के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब नहीं आ पा रहा। लारा ने 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ नाबाद 400 रनों की पारी खेलकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था।

# डरबन टेस्ट : ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 421 रन का टारगेट दिया

## रेनशॉ के 82 रन, कमिंस ने 4 छक्के लगाकर 12 बॉल पर 32 रन बनाए

डरबन, 12 अक्टूबर। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट में साउथ अफ्रीका को 421 रन का टारगेट दिया है। डरबन के किंग्समीड मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी 6 विकेट पर 314 रन बनाकर घोषित कर दी। मैट रेनशॉ ने सबसे ज्यादा 82 रन बनाए। कप्तान पैट कमिंस ने 12 गेंदों पर 4 छक्के लगाकर नाबाद 32 रन बनाए। ब्यू वेबस्टर 39 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 19 गेंदों पर 44 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 390 रन बनाए थे। साउथ अफ्रीका की टीम 284 रन पर ऑलआउट हो गई। इस आधार पर ऑस्ट्रेलिया को 106 रन की बढ़त मिली थी।



### कमिंस ने हार्मर के एक ओवर में 3 छक्के लगाए

ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी 8 ओवर में तेजी से रन बनाए। कमिंस ने हार्मर के 58वें ओवर में तीन छक्के लगाए। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर लॉन्ग-ऑन की ओर छक्का जड़ा। अगली दो गेंदों पर लगातार छक्के लगाए और फिर एक रन लिया। वेबस्टर ने ओवर की आखिरी गेंद पर रिवर्स स्वीप से चौका लगाया। इस ओवर में कुल 23 रन आए। कमिंस ने 266।67 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। वेबस्टर ने 90।70 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 58 ओवर में 5।41 रन प्रति ओवर की गति से 314 रन बनाए।

### रेनशॉ ने 99 गेंदों पर 82 रन बनाए

मैट रेनशॉ ने दूसरी पारी में 99 गेंदों पर 82 रन बनाए। उन्होंने 7 चौके और 2 छक्के लगाए। वे केशव महाराज की गेंद पर कैच एंड बोल्ड हुए। रेनशॉ ने पहली पारी में भी शानदार बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 397 गेंदों पर 190 रन बनाए थे, जिसमें 21 चौके और एक छक्का शामिल था। दूसरी पारी में निक मैडिनसन ने 38 गेंदों पर 48 रन बनाए। उन्होंने 6 चौके और 2 छक्के लगाए। उन्हें नॉर्खिया ने बोल्ड किया। स्टीव स्मिथ ने 41 गेंदों पर 27 रन बनाए। मार्नस लाबुशेन 58 गेंदों पर 37 रन बनाकर आउट हुए। स्मिथ को साइमन हार्मर ने और लाबुशेन को केशव महाराज ने पवेलियन भेजा। ट्रैविस हेड 11 रन बनाकर मार्को यानसन की गेंद पर टेम्बा बावुमा को कैच दे बैठे। एलेक्स कैरी ने 39 गेंदों पर 24 रन बनाए। उन्हें भी नॉर्खिया ने बोल्ड किया।

### पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ने बनाए थे 390 रन

ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 137।2 ओवर में 390 रन बनाए थे। मैट रेनशॉ ने 190 रन की पारी खेली, जबकि कप्तान पैट कमिंस ने 98 गेंदों पर 43 रन जोड़े। मार्नस लाबुशेन ने 37 और स्टीव स्मिथ ने 25 रन बनाए। साउथ अफ्रीका की ओर से वियान मुल्डर ने 4 विकेट लिए। मार्को यानसन ने 3 और अनरिख नॉर्खिया ने 2 विकेट हासिल किए। साइमन हार्मर को एक विकेट मिला।

### साउथ अफ्रीका की पहली पारी 284 रन पर सिमटी

साउथ अफ्रीका की टीम पहली पारी में 78 ओवर में 284 रन बनाकर ऑलआउट हो गई थी। डेविड बेडिंगहम ने 73 गेंदों पर 49 रन बनाए। एडेन मार्करम ने 67 गेंदों पर 37, ट्रिस्टन स्टब्स ने 66 गेंदों पर 32 और वियान मुल्डर ने 50 गेंदों पर 30 रन का योगदान दिया। साइमन हार्मर 75 गेंदों पर 35 रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 54 रन देकर 3 विकेट लिए। मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड ने 2-2 विकेट हासिल किए। नाथन लायन ने भी 2 बल्लेबाजों को आउट किया, जबकि ब्यू वेबस्टर को एक विकेट मिला।

### लाबुशेन लगातार 12 टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं लगा सके

मार्नस लाबुशेन इस टेस्ट की दोनों पारियों में 37-37 रन बनाकर आउट हुए। इसके साथ ही वह लगातार 12 टेस्ट पारियों में अर्धशतक नहीं लगा सके हैं। उनके 66 टेस्ट के करियर में यह ऐसी सबसे लंबी अवधि है। उनका पिछला टेस्ट शतक जुलाई 2023 में आया था। इसके बाद वह 45 पारियां खेल चुके हैं।

# न्यूजीलैंड दौरे से पहले रवींद्र जडेजा ने ठोका 16वां फर्स्ट क्लास शतक

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रणजी ट्रॉफी 2026-27 के पहले राउंड में शतक बनाया। सौराष्ट्र की ओर से खेलते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ के खिलाफ102 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा का यह 16वां फर्स्ट क्लास शतक रहा। 209 गेंद का सामना किया और सात चौके लगाए। वे सौराष्ट्र के आखिरी विकेट के तौर पर आउट हुए। इससे उनकी टीम ने पहली पारी में 392 रन का स्कोर बनाया। जडेजा की यह पारी भारतीय टीम के न्यूजीलैंड दौरे से पहले आई है। इसके तहत पांच टी20, पांच वनडे और दो टेस्ट होने हैं। जडेजा वनडे व टेस्ट टीम में शामिल होने के दावेदार हैं। अभी भारतीय स्क्वॉड का वनडे व टेस्ट सीरीज के लिए ऐलान होना बाकी है।

हालिया समय में जडेजा की भारतीय टीम में जगह पर सवाल खड़े हुए हैं। ऐसे में सौराष्ट्र के लिए खेली गई पारी के जरिए उन्होंने मजबूत दावा पेश किया है। जडेजा पांचवें नंबर पर बैटिंग को उतरे थे। उनके व प्रेरक मांकड़ (129) के बीच पांचवें विकेट के लिए 205 रन की पार्टनरशिप हुई। मगर इस साझेदारी के टूटने के साथ ही सौराष्ट्र की पारी



ढह गई। उसने आखिरी पांच विकेट 36 रन में गंवा दिए। यह तो एक छोर पर जडेजा थे जिससे टीम 392 तक पहुंचने में सफल रही नहीं तो 380 से पहले ही पारी सिमट जाती। वर्तमान शतकीय पारी से पहले अक्टूबर 2025 में उन्होंने वेस्ट इंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शतक बनाया था।

### रवींद्र जडेजा का 8 साल बाद सौराष्ट्र के लिए शतक


जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए फर्स्ट क्लास क्रिकेट में नौवां शतक बनाया। उनके छह शतक भारत और एक वेस्ट जोन के लिए आया है। जडेजा ने सौराष्ट्र के लिए बनाए नौ में से तीन शतकों को ट्रिपल सेंचुरी तक पहुंचाया है। जडेजा ने इससे पहले 2018-19 में आखिरी बार सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में शतक बनाया था। तब उन्होंने नाबाद 178 रन की पारी खेली थी। 2018-19 से लेकर 2026-27 के सीजन के बीच जडेजा ने बहुत कम मैच सौराष्ट्र के लिए खेले थे। पिछले सीजन दो मैचों उतरे थे। इससे पहले भी इसी तरह गाहे-बगाहे खेले थे। दरअसल भारतीय टीम के तीनों फॉर्मेट का हिस्सा होने की वजह से वह घरेलू क्रिकेट नहीं खेल पाए थे।

### जडेजा के कैसे हैं फर्स्ट क्लास क्रिकेट के आंकड़े

जडेजा के नाम वर्तमान रणजी ट्रॉफी राउंड से पहले 150 फर्स्ट क्लास मैच थे। इनमें 44।45 की औसत से 8402 रन है। 15 शतक व 45 अर्धशतक उन्होंने बना रखे थे। इनमें से 4160 रन टेस्ट में हैं और छह शतकों के साथ ही 28 फिफ्टी हैं। गेंदबाजी के आंकड़ों को देखा जाए तो 24।49 की औसत से उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 589 विकेट ले रखे हैं। इनमें से 356 विकेट टेस्ट क्रिकेट में हैं।

# डेनमार्क ओपन में पी.वी. सिंधू की एन से यंग से भिड़ंत, लक्ष्य सेन भी उतरेंगे

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में भारत के शीर्ष खिलाड़ी लक्ष्य सेन को मंगलवार से यहां शुरू हो रहे 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सिंधू का सामना पहले दौर में विश्व की नंबर एक





खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन एन से यंग से होगा। लक्ष्य को भी पुरुष वर्ग के पहले दौर में तीसरी वरीयता प्राप्त चोउ टिएन चेन की चुनौती से पार पाना होगा।

पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू का पिछले कुछ समय में प्रदर्शन उतार चढ़ाव वाला रहा है। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को इस बात की चिंता होगी कि उन्हें एन से यंग खिलाफ अपने पिछले सभी 10 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। लक्ष्य का भी पिछले दो वर्षों में प्रदर्शन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा है। वह हाल में पीठ की चोट से भी परेशान रहे हैं। उन्हें अगर चोउ के खिलाफ जीत हासिल करनी है तो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पुरुष वर्ग में भाग लेने वाले एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखने की कोशिश करेंगे। पहले दौर में उनका सामना इंडोनेशिया के अलवी फरहान से होगा, जिन्होंने विश्व चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में उन्हें हराया था। किदाम्बी श्रीकांत फ्रांस के अर्नाउड मर्कल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। भारत की तरफ से महिला एकल में तन्वी शर्मा, अश्मिता चालिहा, देविका सिहाग और उन्नित हुड्डा भी चुनौती पेश करेंगी।

# 18वां अजीम गोल्ड कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 26 अक्टूबर से

## जयपुर की चुनिंदा टीमें दिखाएंगी दम



जयपुर, 12 अक्टूबर। जयपुर में क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से अब्बास क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में 18वें अजीम गोल्ड कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 26 अक्टूबर से गणपति नगर रेलवे क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट में जयपुर की चुनिंदा और प्रतिष्ठित क्रिकेट टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी। टूर्नामेंट आयोजक अब्दुल वहीद अब्बास ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने और क्रिकेट में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। प्रतिदिन उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को गिफ्ट हैंपर और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। टूर्नामेंट के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को गोल्ड कप प्रदान किया जाएगा, जबकि फाइनल में खेलने वाली दोनों टीमों के सभी 22 खिलाड़ियों का भी सम्मान किया जाएगा। प्रतिदिन पहला मैच सुबह 8:30 से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरा मैच दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक खेला जाएगा।

## जयपुर में इंडियन स्केट बॉल फेडरेशन की पहली वार्षिक आमसभा, राष्ट्रीय स्तर पर खेल के विकास पर मंथन



जयपुर, 12 अक्टूबर। इंडियन स्केट बॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की पहली वार्षिक आमसभा का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए क्रिकेट अकादमी, जयपुर में किया गया। बैठक में देश के विभिन्न राज्यों से आए सचिवों एवं फेडरेशन पदाधिकारियों ने भाग लिया। आमसभा में स्केट बॉल खेल को देशभर में लोकप्रिय बनाने, राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं के आयोजन और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में खेल के प्रचार-प्रसार और व्यवस्थित विकास के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा हुई। साथ ही कुशल तकनीकी अधिकारियों को तैयार करने के उद्देश्य से शीघ्र ही ऑफिशियल्स एवं टेक्निकल वर्कशॉप आयोजित करने का निर्णय लिया गया। फेडरेशन का लक्ष्य स्केट बॉल खेल को देश के सभी राज्यों में बढ़ावा देना और खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं तकनीकी अधिकारियों के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।

## हिमांशु की घातक गेंदबाजी से जीती केबी रॉयल्स क्रिकेट अकादमी



जयपुर, 12 अक्टूबर। अंडर-14 मानसून कप क्रिकेट प्रतियोगिता में केबी रॉयल्स क्रिकेट अकादमी ने एनसीसी क्रिकेट अकादमी को 70 रन से हराया। केबी रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 9 विकेट पर 229 रन बनाए। वंश ने 54, विशांत शर्मा ने 51, अर्णव कौशिक ने 43 और हर्ष यादव ने 32 रन का योगदान दिया। एनसीसी की ओर से अक्षत ने तीन, जबकि संजू और रुद्र प्रताप ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एनसीसी क्रिकेट अकादमी की टीम 32।3 ओवर में 159 रन पर सिमट गई। आरव शर्मा ने 38 और शिवम ने 28 रन बनाए। केबी रॉयल्स की ओर से हिमांशु ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट झटके, जबकि कार्तिक ने दो विकेट लिए। बेहतरीन गेंदबाजी के लिए हिमांशु को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

## 5वीं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता 21 से

जयपुर, 12 अक्टूबर। मैत्री क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पांचवीं डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर से किया जाएगा। प्रतियोगिता में जयपुर की प्रमुख क्रिकेट अकादमियां और टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजकों के अनुसार, प्रतियोगिता में एलिट स्पोर्ट्स एकेडमी, शास्त्री क्रिकेट एकेडमी, जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी, एसजे क्रिकेट एकेडमी, मिनर्वा क्रिकेट एकेडमी, नैना क्रिकेट एकेडमी, विमल क्रिकेट एकेडमी, अरावली क्रिकेट, कृष्णा क्रिकेट एकेडमी, राजीव गांधी क्रिकेट एकेडमी, संस्कार क्रिकेट एकेडमी, डायमंड क्रिकेट एकेडमी, मंगलम क्रिकेट एकेडमी, एसआर क्रिकेट एकेडमी, नीरजा मोदी क्रिकेट एकेडमी, पीएस क्रिकेट एकेडमी और जीआर एकेडमी सहित अन्य टीमें भाग लेंगी।

# पाक टी-20 में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाकर जीता

## श्रीलंका को 82 रन से हराया, सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बनाई

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। पाकिस्तान ने दूसरे टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका को 82 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। श्रीलंकाई टीम घर से बाहर लगातार तीसरी टी-20 सीरीज हारी है। पाकिस्तान ने रविवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट पर 215 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल में पाकिस्तान का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टीम का सर्वोच्च स्कोर 232/6 है, जो उसने 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाया था। जवाब में श्रीलंका की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन ही बना सकी। तेज गेंदबाज मोहम्मद



इमरान ने 11 रन देकर 3 विकेट लिए। इससे पहले माज सदाकत ने 51 गेंदों पर 96 और कप्तान साहिबजादा फरहान ने 73 रन बनाए।

दोनों बल्लेबाजों को कैच छूटने का फायदा मिला। श्रीलंका की खराब फील्डिंग का पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने पूरा फायदा उठाया। कप्तान साहिबजादा फरहान जब 11 रन पर थे, तब सिनेथ जयवर्धने ने उनका आसान कैच छोड़ दिया। इससे पहले बिनुरा फर्नांडो के ओवर में महेश तीक्ष्णा ने भी उनका मुश्किल कैच टपकाया था। दो जीवनदान मिलने के बाद फरहान ने 5 छक्कों और 4 चौकों की मदद से 73 रन बनाए। 15वें ओवर में दासुन शनाका की गेंद पर महेश तीक्ष्णा ने सीमा रेखा के पास उनका कैच पकड़ा। कैरेबियन प्रीमियर लीग में लगातार दो शतक लगाने वाले बाएं हाथ के युवा बल्लेबाज माज सदाकत ने अपनी फॉर्म जारी रखी। 44 रन के निजी स्कोर पर नुवान तुषारा ने अपनी ही गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया था। सदाकत ने 51 गेंदों पर 7 छक्कों और 6 चौकों की मदद से 96 रन बनाए।

# रणजी में राजस्थान मजबूत, महिपाल लोमरोर के अर्धशतक के बाद गेंदबाजों ने कसा शिकंजा

## अंडर-23 में पार्थ यादव और करण सिंह के अर्धशतक, अंडर-19 में राजस्थान को दो मुकाबलों में हार

जयपुर, 12 अक्टूबर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम पर राजस्थान और तमिलनाडु के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी मुकाबले के दूसरे दिन राजस्थान ने पहली पारी में 363 रन बनाए। महिपाल लोमरोर के 66 रन के अर्धशतक के बाद राजस्थान के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तमिलनाडु के चार विकेट 167 रन पर झटक लिए। पहली पारी के आधार पर तमिलनाडु अभी राजस्थान से 196 रन पीछे है। राजस्थान की पारी में पहले दिन शतक जड़ने वाले करण लाम्बा 113 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि महिपाल लोमरोर ने 66 रन का योगदान दिया। तमिलनाडु की ओर से सर्वाना कुमार और दीपेश ने तीन-तीन तथा वाशिंगटन सुंदर ने दो विकेट लिए। जवाब में तमिलनाडु की ओर से प्रदोष पॉल ने 58 और जगदीशन ने 55 रन बनाए। राजस्थान के अजय सिंह कूकना ने दो विकेट लिए, जबकि रोहन राजभर और चेतन शर्मा को एक-एक सफलता मिली।

**अंडर-23 में राजस्थान मजबूत, पार्थ और करण के अर्धशतक:** सीके नायडू अंडर-23 ट्रॉफी में हिमाचल प्रदेश के अम्तर में शुरू हुए राजस्थान-हिमाचल मुकाबले के पहले दिन राजस्थान ने तीन विकेट पर 255 रन बनाकर मजबूत स्थिति हासिल की। पार्थ यादव ने 83 और करण सिंह ने नाबाद 82 रन की शानदार पारियां खेलीं। मिनफ शेख ने 43 तथा अमोल चेलानी ने नाबाद 28 रन बनाए।

**अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी में महाराष्ट्र विजयी:** अंडर-19 वीनू मांकड़ ट्रॉफी में महाराष्ट्र ने राजस्थान को हराया। महाराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 317 रन बनाए। एकनाथ ने 157 और प्रज्वल ने 80 रन की पारियां खेलीं। राजस्थान के सौभाग्य सिंह भाटी ने छह विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया। जवाब में राजस्थान की टीम 172 रन पर सिमट गई। आराध्य अग्रवाल ने 34, यथार्थ भारद्वाज ने 33, कुशाग्र ओझा ने 32 और अभय शर्मा ने 24 रन बनाए। महाराष्ट्र के शुभम ने तीन विकेट लिए।

**अंडर-19 महिला टी-20 में कर्नाटक ने राजस्थान को हराया:** अंडर-19 महिला टी-20 ट्रॉफी में कर्नाटक ने राजस्थान को शिकस्त दी। राजस्थान ने आठ विकेट पर 85 रन बनाए। प्रतीक्षा सिंह ने 26, ईशा ने 20 और मैना सियोल ने नाबाद 13 रन बनाए। कर्नाटक ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। उमा काशवी ने नाबाद 39 और इन्चारा ने 31 रन बनाए। राजस्थान की प्रीत कपूर ने दो विकेट लिए।

**अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी में टीम एफ, जी, डी और ए के मुकाबले:** राज्य स्तरीय अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी के मुकाबलों में टीम एफ ने टीम एच को 24 रन से हराया। टीम एफ ने 193 रन बनाए, जवाब में टीम एच 169 रन पर आउट हो गई। टीम एफ के दक्ष सेठिया ने तीन विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में टीम जी ने टीम ई को पांच विकेट से हराया। टीम ई ने चार विकेट पर 230 रन बनाए, जिसमें आदित्य यादव ने शतक (100) और प्रशांत चाहर ने 71 रन बनाए।



## अनस शम्सी बने कर्नल एस.एस. हाड़ा मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट के बेस ग्रॉस विनर

### प्रोफेशनल ग्रॉस का खिताब ऋषिराज सिंह राठौड़ ने जीता, विभिन्न श्रेणियों में गोल्फरों को किया सम्मानित

जयपुर, 12 अक्टूबर। रामबाग गोल्फ क्लब में आयोजित दो दिवसीय कर्नल एस।एस। हाड़ा मेमोरियल गोल्फ टूर्नामेंट का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। टूर्नामेंट में अनस शम्सी ने बेस्ट ग्रॉस विनर का खिताब जीता, जबकि प्रोफेशनल ग्रॉस वर्ग में ऋषिराज सिंह राठौड़ विजेता रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न हैंडीकैप और विशेष श्रेणियों के विजेताओं व उपविजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। हैंडीकैप श्रेणी 00-09 में सिद्धार्थ शर्मा विजेता और आदित्य हाड़ा उपविजेता रहे। 10-16 हैंडीकैप वर्ग में विनोद कुमार शर्मा ने पहला और सुनील शेखावत ने दूसरा स्थान हासिल किया। वहीं, 17-24 हैंडीकैप वर्ग में पवन माहेश्वरी विजेता तथा विनोद कुमार उपविजेता रहे। बेस्ट लेडी गोल्फर का पुरस्कार वृन्दा सैनी और बेस्ट वेटरन गोल्फर का खिताब नरेश रावतानी ने जीता। नियरेस्ट टू पिन में सूर्यजय सिंह राठौड़, लॉन्गेस्ट ड्राइव में रजत करवासरा और स्ट्रेटेस्ट ड्राइव में जसविन्दर कौर सलूजा विजेता रहे। स्वर्गीय कर्नल एस।एस। हाड़ा रामबाग गोल्फ क्लब के प्रतिष्ठित सदस्यों में शामिल थे। उन्होंने क्लब में लंबे समय तक महाप्रबंधक के रूप में सेवाएं दीं और गोल्फ कोर्स के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से ब्राउन कोर्स को ग्रीन कोर्स के रूप में विकसित करने में उल्लेखनीय योगदान मिला। खेल भावना, अनुशासन और गोल्फ संस्कृति को बढ़ावा देने में उनके योगदान को याद करते हुए यह टूर्नामेंट आयोजित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में उनकी पत्नी श्रीमती इला हाड़ा, पुत्र ऋषि हाड़ा, रियर एडमिरल आदित्य हाड़ा, क्लब कप्तान योगेन्द्र सिंह, मानद सचिव समृद्ध शर्मा, कोषाध्यक्ष गिर्राज अग्रवाल और क्लब कार्यकारिणी के सदस्य सुनील शेखावत सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने चंड़ीगढ़ को 78 रन पर समेटा

## तुषार देशपांडे की हैट्रिक, उमेश यादव ने पंजाब के लिए डेब्यू पर झटके 5 विकेट

नई दिल्ली, 12 अक्टूबर। रणजी ट्रॉफी 2026-27 के दूसरे दिन मुंबई के तुषार देशपांडे ने चंडीगढ़ के खिलाफ हैट्रिक लेकर पांच विकेट पूरे किए। उनकी गेंदबाजी के सामने चंडीगढ़ की पहली पारी महज 78 रन पर सिमट गई। मुंबई ने 429 रन बनाने के बाद फॉलोऑन दिया और दूसरी पारी में भी चंडीगढ़ का एक विकेट गिरा दिया। दूसरी ओर, विदर्भ के कप्तान अक्षय वाडकर दोहरे शतक से सिर्फ 2 रन दूर रह गए। सौराष्ट्र के प्रेरक मांकड़ और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। बंगाल के सुदीप कुमार घरामी और अभिषेक पोरेल ने दिल्ली के खिलाफ नाबाद शतकीय पारियां खेलकर टीम को बढ़त दिलाई। पंजाब की ओर से खेल रहे उमेश यादव ने भी असम के खिलाफ दो साल बाद फर्स्ट क्लास क्रिकेट में वापसी करते हुए पांच विकेट हासिल किए।



**मुंबई ने फॉलोऑन दिया:** मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 429 रन बनाए। टीम के लिए तनुष कोटियान और तुषार देशपांडे ने अर्धशतक लगाकर निचले क्रम में अहम योगदान दिया। कप्तान सिद्धेश लाड ने 86 रन बनाए। चंडीगढ़ के राज अंगद बावा और रोहित धांडा ने 4-4 विकेट लिए। जवाब में चंडीगढ़ की बल्लेबाजी बुरी तरह लड़खड़ा गई। तुषार देशपांडे ने अर्जुन आजाद, शिवम भांबरी और दीपेंद्र कुश को लगातार गेंदों पर आउट किया। मुंबई के मोहति अवस्थी ने भी 9 रन देकर 3 विकेट झटके। चंडीगढ़ की टीम 78 रन पर ऑलआउट हो गई। मुंबई ने फॉलोऑन दिया और दूसरी पारी में भी चंडीगढ़ का एक विकेट गिर गया। देशपांडे ने अपने फर्स्ट क्लास करियर का छठा पांच विकेट हॉल पूरा किया, जिसमें यह हैट्रिक भी शामिल रही।

**वाडकर दोहरे शतक से चूके:** विदर्भ ने पुडुचेरी के खिलाफ पहली पारी में 428 रन बनाए। एक समय टीम 54 रन पर 5 विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन अक्षय वाडकर ने पारी संभाल ली। उन्होंने 198 रन बनाए और अपने पहले फर्स्ट क्लास दोहरे शतक से सिर्फ 2 रन दूर रह गए। यश राठौड़ ने 134 रन की पारी खेली। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी हुई। पुडुचेरी ने जवाब में दिन का खेल खत्म होने



तक 98 रन पर एक विकेट गंवाया था।

**जडेजा और मांकड़ के शतक से सौराष्ट्र ने बनाए 392 रन:** सौराष्ट्र ने छत्तीसगढ़ के खिलाफ पहली पारी में 392 रन बनाए। प्रेरक मांकड़ ने 129 रन की पारी खेली, जबकि रवींद्र जडेजा ने 102 रन बनाए। मांकड़ और जडेजा के बीच छठे विकेट के लिए 205 रन की साझेदारी हुई। जडेजा को धर्मेंद्र सिंह जडेजा ने आउट किया। चिराग जानी ने भी 83 रन बनाए। जवाब में छत्तीसगढ़ ने दिन का खेल समाप्त होने तक 122 रन पर 3 विकेट गंवाए।

**बंगाल को घरामी और पोरेल ने दिलाई बढ़त:** कल्याणी में बंगाल ने दिल्ली के 240 रन के जवाब में मजबूत शुरुआत की। सुदीप कुमार घरामी और अभिषेक पोरेल ने शतक लगाए और चौथे विकेट के लिए नाबाद 199 रन की साझेदारी की। दिन का खेल समाप्त होने तक बंगाल ने 3 विकेट पर 304 रन बना लिए थे और 64 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।

**आंध्र के डेब्यूटेंट राहुल का शतक, कर्नाटक पर बढ़त:** 19वां जन्मदिन मनाने के दो दिन बाद एसवी राहुल ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू करते हुए शतक लगाया। बाएं हाथ के बल्लेबाज राहुल ने विकेटकीपर रेवंत रेड्डी के साथ मिलकर आंध्र की पारी को संभाला।